NT>

Title: Need to felicitate Sachin Tendulkar on his outstanding performance in Cricket.

श्री मोहन रावले : अध्यक्ष जी, सचिन तेन्दुलकर का नाम केवल हिन्दुस्तान में ही नहीं बल्कि संपूर्ण विश्व में क्रिकेट खिलाड़ी के रूप में विख्यात है। श्री सचिन तेन्दुलकर ने वन डे और टैस्ट मैच में 20 हजार रन लेकर वर्ल्ड रिकार्ड बनाया है, लेकिन सरकार ने उन्हें अभी तक सम्मानित नहीं किया है। मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं कि श्री कपिल देव ने जब वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था तब माननीय नरसिंहराव जी की सरकार थी। उस समय कपिलदेव को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया था।

मेरी आपसे प्रार्थना है कि यहां डिगनिटरीज बैठी हैं। मैं चाहता हूं कि श्री सचिन तेन्दुलकर को सम्मानित किया जाए और न केवल एक या दो डिगनिटरीज द्वारा, बल्कि पूरे हाउस द्वारा सम्मानित किया जाए। आप तो क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष रहे हैं। आप क्रिकेट प्रेमी हैं। इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि श्री सचिन तेन्दुलकर को सरकार द्वारा सम्मानित किया जाए।